तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

4 महाष्टमी पर भक्तिमय रही धर्मनगरी नवागढ़ ...



2 मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 को, जोड़े ...



खबर संक्षेप

सरकारी योजना का झांसा देकर जेवरात किया पार

भिलाई। सरकारी योजना के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि राजपुर निवासी कुमारी यादव मजदूरी करती हैं। 16 अक्टूबर की दोपहर करीब 12 बजे अज्ञात महिला उनके घर पहुंची। खुद को महिला धमधा निवासी बताकर झांसा दिया कि वे किसी सरकारी योजना का फॉर्म भरा है। नहीं भरने के जवाब के बाद अज्ञात ने कुमारी यादव को फार्म भरने के बाद 3 लाख 70 हजार रुपए मिलने वाले हैं। दुर्ग कोर्ट के बाथरूम में पीड़िता के दोनों हाथों के चांदी के आभूषण उतरवा लिए और उसके पास रखे एक हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गई। कुमारी यादव राजपुर ने पोस्ट ऑफिस से महतारी वंदन योजना की राशि निकालकर आईं। इसके बाद वह अज्ञात महिला के साथ बस में बैठकर दुर्ग पहुंच गईं। चांदी के आभूषणों की कीमत करीब 20 हजार रुपए आंकी गई है।

मंदिर के पास बेच रहे थे शराब, दो गिरफ्तार

भिलाई। जामुल और पुलगांव पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इसमें जामुल थाना अंतर्गत नारधा में बरगद के पेड़ के नीचे आरोपी दुरेश उर्फ प्रकाश साहू उम्र 40 वर्ष निवासी बाजार चौक नारधा शराब बेच रहा था। इसी प्रकार रसमड़ा में मंदिर के पास शराब बेचते पुलिस ने आकाश शिव निर्मलकर उम्र 22 वर्ष निवासी रसमड़ा को गिरफ्तार किया। दोनों मामलों में कुल 63 पौवा देशी शराब, अनुमानित कीमत 5,900 तथा शराब बिक्री की नगदी रकम 300 रुपए की जब्ती की गई। पुलिस ने बताया कि नारधा निवासी दुरेश मुरमुंदा मार्ग पर बरगद के पेड़ के नीचे अवैध रूप से देशी शराब की बिक्री कर रहा था। आरोपी आकाश शिव निर्मलकर रसमड़ा में मंदिर के पास शराब बेच रहा था।

त्योहारी सीजन को देखते हुए पुलिस ने बढ़ाई गश्त

भिलाई। नवरात्रि पर्व पर गरबा कार्यक्रमों, चुनरी यात्राओं और दुर्गा पंडालों में भक्तजनों की भीड़ को देखते हुए दुर्ग पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। गरबा कार्यक्रम के दौरान हिंदू संगठन द्वारा हुए विवाद के बाद पुलिस ने जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया है। दुर्ग के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और ट्रैफिक संभालने के लिए कुल 361 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। पुलिसकर्मी दिन और रात अलग-अलग शिफ्ट में तैनात रहेंगे। प्रमुख आयोजन स्थलों और संवेदनशील इलाकों में फिक्स पॉइंट बनाने के साथ पेट्रोलिंग और गश्त भी की जा रही है। गरबा स्थलों पर महिला शक्ति टीम निगरानी करेगी। छेड़छाड़, अभद्र व्यवहार या किसी भी संदग्धि गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

प्रलोभन देकर 18.63 लाख की धोखाधड़ी

भिलाई। फॉरेक्स ट्रेडिंग इंस्टीट्यूट के संचालन एवं मुनाफे का प्रलोभन देकर कथित रूप से 18,63,675 की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने मदर टेरेसा नगर निवासी आरोपी मीनल जैन को गिरफ्तार किया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अक्षय राठौर ने थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका कृषि व्यवसाय है तथा एक परिचित के माध्यम से उसकी पहचान मीनल चौहान से हुई थी। मीनल चौहान द्वारा रायपुर स्थित करेंसी टावर, वीआईपी चौक में फाइन विजन एवं फाइन विजन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के नाम से फॉरेक्स एवं ट्रेडिंग प्रशिक्षण संस्थान प्रारंभ करने तथा उसमें निवेश करने पर अच्छा मुनाफा मिलने की बात कही गई थी।

सांकरा के सायफन में कचरे से रुका नहर का पानी, पांच गांवों के किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

नहर में पानी का प्रवाह बाधित होने से बेरला विकासखंड के पांच गांवों के किसानों के सामने धान की फसल की सिंचाई का संकट खड़ा हो गया है। कुशमी, खर्रा, कुम्ही, सुरोहली और आनंदगांव सहित आसपास के गांवों तक नहर का पानी नहीं पहुंचने से किसान परेशान हैं।

समस्या को देखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कलेक्टर और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर जल्द पानी की आपूर्ति बहाल करने की पहल की। अधिकारियों ने सांकरा स्थित सायफन में जमा कचरे की सफाई कर दो दिन के भीतर पानी का प्रवाह सुचारु करने का आश्वासन दिया है। जिला पंचायत अध्यक्ष तिवारी ने दुर्ग जिले के जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता श्री शिवहरे और एसडीओ श्री साव से चर्चा कर नहर में पानी का प्रवाह बाधित होने का कारण जाना।

अधिकारियों ने बताया कि तांदुला डैम से पानी छोड़े जाने के बावजूद नहर में आगे उसका प्रवाह प्रभावित हो रहा है। उफरा के पास नहर टूटने से पिरदा और आसपास के क्षेत्रों में भी पानी नहीं पहुंच पा रहा था। हालांकि, उफरा में नहर की मरम्मत के बाद पिरदा तक पानी पहुंचा दिया गया है।

नहर का पानी नहीं पहुंचने से किसान परेशान

- किसानों की समस्या पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कलेक्टर और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से की चर्चा, दो दिन में सफाई का आश्वासन

सायफन में कचरा जमा होने से रुका पानी

अधिकारियों के अनुसार, बेरला ब्लॉक के गांवों तक पानी नहीं पहुंचने की प्रमुख वजह सांकरा स्थित सायफन में कचरा जमा होना है। इससे पानी का रास्ता अवरुद्ध हो गया है और नहर का प्रवाह आगे नहीं बढ़ पा रहा है। सायफन ऐसी संरचना है, जिसके जरिए नहर का पानी सड़क, नाले या अन्य अवरोध के नीचे से पाइप अथवा बंद मार्ग के माध्यम से आगे पहुंचाया जाता है। इसमें जमा कचरे की सफाई के बाद ही पानी की आपूर्ति सामान्य हो सकेगी।



समय पर सिंचाई नहीं हुई तो फसल पर पड़ेगा असर

कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि धान की फसल के लिए समय पर सिंचाई का पानी मिलना जरूरी है। नहर से पानी नहीं मिलने पर फसल प्रभावित होने के साथ किसानों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से सफाई और मरम्मत कार्य प्राथमिकता से पूरा करने की मांग की। जल संसाधन विभाग ने दो दिन के भीतर सायफन की सफाई कर पानी का प्रवाह बहाल करने का आश्वासन दिया है। अब प्रभावित गांवों के किसानों को पानी पहुंचने का इंतजार है।

मंडी परिसर में जुटेगा हजारों लोगों का हुजूम, राम-रावण युद्ध के मंचन के साथ सजेगी विजयादशमी की शाम

40 फीट ऊंचे अहंकारी रावण का आज होगा दहन, आतिशबाजी से जगमगाएगा आसमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बुराई के अंत और अच्छाई की विजय का संदेश लेकर विजयादशमी का पर्व आज बेमेतरा में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। शहर के मंडी परिसर में आज मंगलवार को 40 फीट ऊंचे अहंकारी रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। रावण दहन के साक्षी बनने हजारों की संख्या में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों के पहुंचने की संभावना है।

इससे पहले रामलीला मंडली द्वारा राम सेना और रावण सेना के बीच युद्ध का जीवंत मंचीय मंचन किया जाएगा। वहीं, स्थानीय आतिशबाजों की रंग-बिरंगी आतिशबाजी दशहरा उत्सव में रोमांच और उल्लास के रंग भरेगी। आयोजन को लेकर नगर पालिका ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने मंडी परिसर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को सुरक्षा, यातायात तथा नागरिक सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने ▶▶| शेष पेज 02 पर

सुरक्षा और सुविधा पर रहेगा जोर

मंडी परिसर में होने वाले आयोजन में भीड़ को देखते हुए सुरक्षा, यातायात और दर्शकों की सुविधा महत्वपूर्ण रहेगी। नगर पालिका द्वारा तैयारियों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। अब विजयादशमी की शाम रामलीला मंचन, रावण दहन और आतिशबाजी के बीच शहर में दशहरा उत्सव मनाया जाएगा।

स्थानीय आतिशबाजों की आतिशबाजी पर रहेंगी निगाहें

शहर के दशहरा उत्सव में रावण दहन के साथ आतिशबाजी भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहती है। स्थानीय आतिशबाजों द्वारा तैयार किए जाने वाले स्काई शॉट और अन्य आतिशबाजी के नजारे आसमान को रंग-बिरंगी रोशनी से भर देते हैं। हर साल इस आयोजन का इंतजार करने वाले लोगों के लिए आतिशबाजी खास आकर्षण होती है। यही वजह है कि मंडी परिसर में होने वाले दशहरा उत्सव में आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।

दशहरा आज, 30 फीट रावण का होगा दहन



थान खमरिया-नगर में आज दशहरा पर्व हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उत्साह के साथ मनाई जायगी जिसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है इस अवसर पर मंगलवार को स्थानीय दशहरा उत्सव मैदान मे शाम 7 बजे 30 फीट विशाल कागज की रावण का दहन किया जायगा।पिछले दिनो नगर पंचायत की बैठक मे ग्राम देवी-देवता पूजन, निशान शोभायात्रा, रावण दहन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई थी। इस अवसर पर विशाल रावण दहन,आकर्षक आतिशबाजी व नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवागमन व रावण दहन स्थल पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था आदि करने पर विशेष ध्यान लखा गया था। भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की झांकी निकालने तथा नगर के स्थानीय राधा-कृष्ण जमात मंदिर से निशान यात्रा मे अखाड़े का प्रदर्शन आकर्षण का केन्द्र रहेगा। ▶▶| शेष पेज 02 पर

बाइक पर बोरी में भरकर ले जा रहा था 39 पौवा शराब, पुलिस ने पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अवैध शराब के परिवहन पर कार्रवाई करते हुए साइबर सेल और चौकी कंडरका पुलिस की संयुक्त टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 39 पौवा देशी मसाला शराब (7,020 मिलीलीटर) और परिवहन में इस्तेमाल की जा रही मोटरसाइकिल जब्त की गई है। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 53,900 रुपये आंकी गई है।

- कंडरका पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई, शराब व बाइक सहित 53,900 रुपये का सामान जब्त

पुलिस के अनुसार, 19 अक्टूबर को चौकी कंडरका पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सरदा-खर्रा-सोरला चौक के रास्ते ग्राम भरदा निवासी विनोद कुमार भारती (30) मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 पीएन 4240 में सफेद बोरी के भीतर देशी मसाला शराब रखकर भरदा की ओर जा रहा है। सूचना के आधार पर साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा और चौकी प्रभारी प्रशिक्षु उप निरीक्षक गीतांजलि के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ा।

तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 39 पौवा देशी मसाला शराब, जिसकी कीमत करीब 3,900 रुपये है, बरामद की गई। शराब के परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल की कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने शराब और बाइक समेत कुल 53,900 रुपये का सामान जब्त किया है । पुलिस ने आरोपी विनोद कुमार भारती, पिता मदनलाल भारती, निवासी भरदा, चौकी कंडरका, थाना बेरला, जिला बेमेतरा के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की है। संयुक्त कार्रवाई में चौकी कंडरका पुलिस और साइबर सेल की टीम शामिल रही।

बोरिया में सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत, सड़क किनारे शासकीय पेड़ों और जमीन को घेरने का दावा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ग्राम बोरिया में शासकीय जमीन, सड़क किनारे लगे पेड़ों और सार्वजनिक नाली की जमीन पर कथित कब्जे का मामला सामने आया है। बेरला-अहिवारा मार्ग किनारे सीमेंट पोल आगे बढ़ाकर फेंसिंग करने तथा वी ए न आ र सीड्स प्राइवेट लिमिटेड पर सार्वजनिक नाली की जगह पक्की बाउंड्रीवॉल बनाने का आरोप लगाया गया है। जनसेवक रवींद्र भास्कर चौबे ने लोक निर्माण विभाग और राजस्व प्रशासन से संयुक्त सीमांकन कराकर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

- एसडीएम ने सीमांकन व जांच के लिए राजस्व टीम भेजने की कही बात

मामले में एसडीएम बेरला डिप्टी वर्मा ने तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और पटवारी की टीम से जांच कराने की बात कही है। प्रशासनिक जांच के बाद ही कथित अतिक्रमण की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। स्थानीय निवासियों और जनसेवक रवींद्र भास्कर चौबे के अनुसार, बेरला-अहिवारा मार्ग पर ग्राम बोरिया में सड़क किनारे स्थित शासकीय जमीन पर कब्जे की आशंका है। आरोप है कि पूर्व में लगाए गए सीमेंट पोल को धीरे-धीरे दो से तीन ▶▶| शेष पेज 02 पर

सरपंच बोले- मौके पर जाकर देखूंगा

ग्राम पंचायत बोरिया के सरपंच बीरेंद्र कुमार टंडन से दूरभाष पर संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि वे मौके पर जाकर स्थिति का निरीक्षण करेंगे। यदि कब्जे का मामला सामने आता है तो कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम ने जांच कराने की कही बात

एसडीएम बेरला डिप्टी वर्मा ने कहा कि मामले की जानकारी उनके संज्ञान में आई है। जांच के लिए तहसीलदार बेरला, राजस्व निरीक्षक और पटवारी सहित राजस्व टीम को मौके पर भेजा जाएगा। नामांतरण पंजी और सीमांकन से संबंधित पहलुओं की जांच की जाएगी। जांच में आरोप सही पाए जाने पर नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

संयुक्त सीमांकन की मांग

जनसेवक रवींद्र भास्कर चौबे ने लोक निर्माण विभाग बेमेतरा और बेरला तहसील प्रशासन से संयुक्त टीम गठित कर मौके का सीमांकन कराने की मांग की है। उनका कहना है कि शासकीय भूमि, सड़क किनारे के पेड़ और सार्वजनिक नालियां जनहित से जुड़ी संपत्तियां हैं। इनकी सीमाओं की जांच कर अतिक्रमण की स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए। अब प्रशासनिक जांच पर नजर है, जिससे यह स्पष्ट होगा कि संबंधित स्थलों पर शासकीय जमीन या सार्वजनिक नाली पर अतिक्रमण हुआ है या नहीं।

अटल ज्योति की बिजली गुल सिंचाई ठप होने से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

धान की फसल में बालियां निकलने लगी हैं और खेतों को पर्याप्त पानी की जरूरत है, लेकिन थान खम्हरिया क्षेत्र के हाटरांका विद्युत सबस्टेशन के अंतर्गत आने वाले अनेक गांवों में अटल ज्योति योजना की बिजली आपूर्ति कई दिनों से प्रभावित है।

बिजली नहीं मिलने से कृषि पंप बंद पड़े हैं और किसान खेतों तक समय पर सिंचाई का पानी नहीं पहुंचा पा रहे हैं। इससे धान की फसल प्रभावित होने की चिंता बढ़ गई है। जानकारी देते हुए अजय साहू ने बताया कि फसल के इस महत्वपूर्ण दौर में नियमित बिजली आपूर्ति जरूरी है। पर्याप्त पानी नहीं मिलने से धान की पैदावार पर असर पड़ सकता है। इसके बावजूद कई दिनों से बिजली सप्लाई बाधित रहने के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली की अनियमितता का असर कृषि कार्यों के साथ आमजनों पर भी पड़ रहा है। किसानों की मांग है कि विद्युत विभाग क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की स्थिति की जांच कर नियमित सप्लाई सुनिश्चित करे, ताकि फसलों की सिंचाई प्रभावित न हो और किसानों को नुकसान से बचाया जा सके।

- बालियां निकलने के दौर में धान की फसल को पर्याप्त पानी नहीं मिलने की चिंता

जनता का स्नेह ही मेरी सबसे बड़ी ताकत : मधु रॉय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

ग्राम झाल में तेजस्वी युवा सेवा मां दुर्गा उत्सव समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। छत्तीसगढ़ी लोकगायक डॉ. हिरेंद्र ठाकुर और सदानंद साहू की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में लोकसंस्कृति की छटा बिखेरी।

मधु रॉय ने अपने संबोधन में कहा कि जनता का स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। हर घर से मिलने वाला अपनापन उन्हें जनसेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनना और क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास करना उनकी प्राथमिकता है। भविष्य में जनता का और अधिक आशीर्वाद मिला तो इससे भी भव्य सांस्कृतिक आयोजन कराए जाएंगे तथा विकास कार्यों को गति दी जाएगी। कार्यक्रम में लोकगायक डॉ. हिरेंद्र ठाकुर ने मधु रॉय की सराहना करते हुए बताया कि उनके फोन पर वे पहले से निर्धारित व्यस्त कार्यक्रम छोड़कर ग्राम झाल पहुंचे हैं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे क्षेत्रवासी

तेजस्वी युवा सेवा मां दुर्गा उत्सव समिति के इस आयोजन में जनपद पंचायत सदस्य धरम दिवाकर, ग्राम झाल की सरपंच खेमकली साहू, डॉ. खांडे, दिलीप साहू, कपिल साहू, तिलक साहू, सूरजु साहू, भुनेश साहू, जगदीश साहू, कौशल साहू, सुरेश साहू, नरेंद्र साहू, बीरेंद्र साहू, मनोज साहू, सोनू साहू ▶▶| शेष पेज 11 पर

थान खम्हरिया के 12 दुर्गा पंडालों सहित नगर और ग्रामीण अंचलों के माता देवालयों में हुए हवन-पूजन

महाष्टमी पर हवन कुंडों में उमड़ी श्रद्धा, सांखला अर्पित कर भक्तों ने मांगी मन्नतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

शारदीय नवरात्र की महाष्टमी पर नगर सहित ग्रामीण अंचलों के दुर्गा पंडालों और माता देवालयों में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही हवन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। दुर्गा सप्तशती के मंत्रोच्चार के बीच हवन कुंड में आहुतियां दी गईं, वहीं महिला-पुरुषों ने सांखला अर्पित कर सुख-समृद्धि, संतान प्राप्ति और परिवार की खुशहाली की कामना की। नगर के 12 दुर्गा पंडालों सहित प्रमुख मंदिरों में देर रात तक धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला चलता रहा। महाष्टमी के अवसर पर बस स्टैंड चौक, गोल बाजार, त्रिमूर्ति चौक और बैद्यनाथ पारा सहित नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित दुर्गा पंडालों में विधि-विधान से हवन संपन्न हुआ। मां दंतेश्वरी मंदिर, कुटीधाम, महामाया मंदिर, शीतला मंदिर और माई मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कराया। श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आम की लकड़ी, घी और हवन सामग्री के साथ सांखला अर्पित की। धार्मिक मान्यता के अनुसार, महाष्टमी पर हवन-पूजन कर मां दुर्गा से मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की जाती है।



ग्रामीण अंचलों में भी हुए धार्मिक आयोजन : नगर के साथ टिपनी, उमरावनगर, गातापार, करभू, बनरांका और हाटरांका के माता देवालयों में भी हवन-पूजन संपन्न हुआ। कई गांवों में अनुष्ठान के बाद सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। महाष्टमी पर नगर के प्रमुख शक्तिपीठों और मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। महिलाओं और पुरुषों ने कतारबद्ध होकर हवन कुंड में सांखला अर्पित की और परिवार की सुख-शांति व खुशहाली की कामना की।

पुलिस की रही निगरानी, अब महानवमी और दशहरे की तैयारी

दुर्गा पंडालों और मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था की। दुर्गा उत्सव समितियों के अनुसार, महानवमी पर महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 20 अक्टूबर को दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। 21 अक्टूबर को सांगदेव की झांकी के साथ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। रावण दहन के साथ विजयादशमी का उत्सव मनाया जाएगा।

खबर संक्षेप

सड़क पर बने अवैध टीन शेड को निगम ने हटाया

भिलाई। भिलाई निगम अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में जोन क्रमांक-1 नेहरू नगर अंतर्गत वार्ड क्रमांक-3 मॉडल टाउन में सड़क पर अवैध रूप से निर्मित टीन शेड को निगम की टीम द्वारा हटाने की कार्रवाई की गई। निगम आयुक्त सुरूचि सिंह के मार्गदर्शन में शहर की सड़कों, सार्वजनिक स्थलों एवं आवागमन के मार्गों को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। मॉडल टाउन क्षेत्र में सड़क पर टीन शेड का निर्माण कर अतिक्रमण किया गया था। इस पर संज्ञान लेते हुए निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध टीन शेड को हटाने की कार्रवाई की। सड़क एवं सार्वजनिक मार्गों पर इस प्रकार के अवैध निर्माण से नागरिकों को आवागमन में असुविधा होती है। साथ ही यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इसे ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा सार्वजनिक उपयोग की भूमि एवं सड़कों पर किए जा रहे अवैध कब्जों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

धनोरा बाबा दरबार में महाअष्टमी पर गूंजे जयकारे

अंडा। पावन धाम धनोरा (दुर्ग) में महाअष्टमी के अवसर पर सोमवार 19 अक्टूबर को शाम 4 बजे से भव्य हवन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। हवन के पश्चात रात्रि 9 बजे से गुढ़ियारी, रायपुर की प्रसिद्ध भजन गायिका तृषा साहू की मंडली द्वारा माता रानी का भव्य जगराता व भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि दरबार में इस वर्ष भक्तों द्वारा 191 मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्वलित किए गए हैं। इस आयोजन में देश-विदेश (इंग्लैंड, अमेरिका) सहित देश के विभिन्न राज्यों और जिलों से पहुंचे भक्त अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रतिदिन रात्रि में भजन गायक गुलाब साहू एवं हेमंत साहू द्वारा माता की सेवा में भजन प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 को, जोड़े जा रहे नए वोटर्स के नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी तेज हो गई है। भिलाई, रिसाली और भिलाई चरोदा निगम की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 अक्टूबर को होना है। इसलिए जिला निर्वाचन आयोग मतदाता सूची को दुरूस्त करने के लिए विशेष अभियान चलाने जा रहा है। जिला निवार्चन यह विशेष अभियान भारत निवार्चन आयोग नई दिल्ली से प्राप्त नर्दिश पर चलाएगा। जिसमें 1 अक्टूबर 2026 की स्थिति में मतदाता सूची को अद्यतन करने तथा मतदाता सूची में पंजीयन से छूटे नागरिकों एवं पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं का पंजीयन सुनश्चिति करने के लिए यह विशेष अभियान रहेगा।

महापौर सहित 400 पार्षद पदों पर चुनाव

राज्य निवार्चन आयोग के मुताबिक नगरपालिका आम निवार्चन के लिए 417 पदों पर नर्वीचक नामावली पुनरीक्षण किया जाएगा। इनमें भिलाई, भिलाई चरौदा, रिसाली और बीरगांव नगर निगम के 4 महापौर पदए 13 अध्यक्ष पद और 400 पार्षद पद शामिल हैं। इसके अलावा नगरपालिका उप निवार्चन के लिए 1 अध्यक्ष और 6 पार्षद पदों की निवार्चक नामावली भी तैयार की जाएगी।

1 अक्टूबर की स्थिति में होगी मतदाता सूची तैयार, बीएलओ को दिया जा रहा प्रशिक्षण



बीएलओ को मिला प्रशिक्षण, बताया कि कोई भी पात्र न छूटे, यह मकसद

नगर पालिक निगम भिलाई में आगामी स्थानीय निर्वाचन एवं सामान्य निर्वाचन की तैयारियों को लेकर सुपरवाइजर, प्राधिकृत अधिकारी एवं बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के लिए साइंस कालेज दुर्ग में दोपहर प्रथम पाली 12 बजे एवं द्वितीय पाली 2:30 बजे से प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में एसडीएम की उपस्थिति में निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं, कार्यों एवं जिम्मेदारियों की जानकारी दी। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को व्यवस्थित, पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक जानकारी प्रदान करना था। इस दौरान सुपरवाइजर एवं बीएलओ को मतदाता सूची से जुड़े कार्यों, मतदाताओं के विवरण के सत्यापन, नए मतदाताओं के पंजीयन तथा निर्वाचन संबंधी दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही निर्वाचन से संबंधित कार्यों में सतर्कता, जिम्मेदारी एवं आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

सेफी ने सभी केंद्रीय मंत्रियों से की जल्द प्रक्रिया शुरू करने की मांग

चौथी वेतन संशोधन समिति के गठन में विलंब का खामियाजा भुगत रहे उपक्रमों के हजारों अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वेतन वृद्धि के लिए गठित होने वाली चौथे वेतन संशोधन समिति की प्रक्रिया में विलंब को देखते हुए अब सेफी और नेशनल कांफिडरेशन ने केंद्र सरकार पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। देश में सभी उद्यमों के योगदान का हवाला देते हुए इसमें लेटलतीफी से कार्मिकों को होने वाले नुकसान से बचने जल्द प्रक्रिया शुरु करने की मांग की गई है।

सेफी चेयरमेन और नेशनल कांफिडरेशन आफ आफिसर्स एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने सभी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसई) के अधिकारियों के लिए वेतन संशोधन समिति (पीआरसी) के शीघ्र गठन को सभी के हित में बताया है।

केंद्रीय वेतन आयोग का गठन 25 नवंबर 2025 को किया जा चुका है और इसके जल्द अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के आसार हैं। केन्द्रीय सरकारी लोक उद्यमों के लिए चतुर्थ वेतन संशोधन 1 जनवरी 2027 से प्रभावी होना है। श्री बंछोर ने बताया कि चौथी वेतन संशोधन समिति के गठन की प्रक्रिया अग्रिम रूप से प्रारंभ की जाए, जिससे विचार-विमर्श, हितधारकों से परामर्श तथा समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध हो सके। तृतीय वेतन संशोधन समिति का गठन 9 जून 2016 को किया गया था तथा केंद्र सरकार के अनुमोदन के बाद सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा 3 अगस्त 2017 को वेतन संशोधन आदेश जारी किए गए, जो 1 जनवरी 2017 से प्रभावी हुए।

दूसरी और तीसरी कमेटी के गठन में विलंब से भी हुआ था आर्थिक नुकसान



घरेलू व वैश्विक निजी क्षेत्र की कंपनियों से मिल रही कड़ी प्रतिस्पर्धा

वर्तमान में सभी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारी प्रतिस्पर्धा व गतिशील वातावरण में कार्य कर रहे हैं, जहाँ उन्हें घरेलू एवं वैश्विक निजी क्षेत्र की कंपनियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। ये उद्यम राष्ट्र निर्माण, अधोसंरचना विकास, ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटल विस्तार तथा अन्य रणनीतिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सेफी ने सभी केन्द्रीय मंत्रियों से मांग की है कि वेतन एवं भत्तों का समय पर संशोधन एक रणनीतिक आवश्यकता है। इससे बोर्ड स्तर तथा बोर्ड स्तर से नीचे के स्तर पर उच्च कौशलयुक्त एवं प्रतिभाशाली पेशेवरों को आकर्षित करना व उन्हें बनाए रखने में मदद मिलेगी। तकनीकी एवं विशिष्ट क्षेत्रों में अनुभवी मानव संसाधन के पलायन को रोकने के साथ लोक उद्यमों की परिचालन दक्षता एवं राष्ट्रीय लक्ष्यों की प्राप्ति को बल मिलेगा। साथ ही निजी क्षेत्र के समकक्ष उद्योगों के साथ प्रतिस्पर्धात्मकता एवं समानता सुनिश्चित की जा सकेगी।

पहले विलंब से हुआ अफसरों को नुकसान

उल्लेखनीय है कि द्वितीय व तृतीय पे-रिविजन में कुछ खामियों के कारण केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अधिकारियों को जो नुकसान हुआ है उसे चौथे पे-रिविजन में दूर किया जा सकता है। तीसरे पे-रिविजन में अफोर्डेबिलिटी क्लाज के कारण सेल जैसी महारत्न कंपनी के कार्मिकों को 39 माह के एरियर्स से वंचित होना पड़ा। जबकि 2007 से लेकर 2016 तक सेल का कुल पीबीटी (प्राफिट बिफोर टैक्स) लगभग 61500 करोड़ रूपये था व केवल वित्तीय वर्ष 2015-16 में पीबीटी 7000 करोड़ रूपये होने के कारण कार्मिकों का पे-रिविजन 1 अप्रैल 2020 से लागू हुआ। हार्डशीप एलाउंस से भी सेल जैसी महारत्न कंपनी के अधिकारियों का वंचित रखा गया।

दो दिवसीय गरबा के आयोजन के लिए पूर्व महापौर धीरज सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- सिविल लाइन स्पोर्ट्स क्लब ने किया सम्मान

दुर्ग नवनिर्माण समिति के संरक्षक एवं शहर के पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में दुर्ग में आयोजित दो दिवसीय गरबा महोत्सव का सफल एवं भव्य आयोजन संपन्न हुआ। नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित इस गरबा उत्सव में शहर के हजारों युवाओं, महिलाओं और परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संपूर्ण आयोजन में अनुशासन, सुरक्षा और भव्यता का विशेष ध्यान रखा गया, जिसकी शहरवासियों ने मुक्त कंठ से सराहना की। दुर्ग की संस्कृति और परंपरा को एक नया मंच देने के लिए श्री बाकलीवाल जी का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय रहा।कार्यक्रम की सफलता और उत्कृष्ट प्रबंधन को देखते हुए सिविल लाइन स्पोर्ट्स क्लब, दुर्ग द्वारा सांई मंदिर समिति कसारीडीह दुर्ग के अध्यक्ष धनेंद्र चंदेल एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री पवन देवांगन एवं सिविल लाइन स्पोर्ट्स क्लब दुर्ग के अध्यक्ष श्री हेमंत तिवारी,मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष श्री अलताफ अहमद ने श्री धीरज बाकलीवाल जी का शाल श्रीफल प्रतीकचिन्ह देकर सम्मान किया। क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि श्री बाकलीवाल जी एवं उनकी पूरी टीम ने दुर्ग में सांस्कृतिक आयोजन की एक नई मिसाल पेश की है। इस तरह के आयोजन से युवाओं में संस्कृति के प्रति जुड़ाव और शहर में सामाजिक एकता को बल मिलता है। इस अवसर पर मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अलताफ अहमद, सांई मंदिर समिति कसारीडीह के अध्यक्ष धनेंद्र चंदेल, वरिष्ठ पत्रकार पवन देवांगन, इंटक के अध्यक्ष प्रकाश शिवणकर, सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी, अनूप पाटिल, सीपी शर्मा, किसान नेता कल्याण सिंह ठाकुर, राकेश दुबे, भोजराज यादव, भावेंद्र चंद्राकर, पवन राय, ईश्वर साहू, अली असगर सहित अन्य मौजूद थे।

शोध में सांख्यिकी प्रविधियों एवं परिकल्पना परीक्षण की उपयोगिता पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



साइंस कॉलेज के भूगोल विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को शोध कार्य में सांख्यिकी प्रविधियों, सहसंबंध विश्लेषण एवं परिकल्पना परीक्षण के व्यावहारिक महत्व से परिचित कराना था। व्याख्यानमाला के प्रथम दिवस शासकीय महाविद्यालय गुढ़ियारी से आमंत्रित विषय विशेषज्ञ डॉ. राजवंश कौर कोहली ने शोध कार्य में सांख्यिकी प्रविधियों की उपयोगिता एवं महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को आंकड़ों के विभिन्न प्रकारों की जानकारी देते हुए कार्ल पियर्सन के सहसंबंध गुणांक तथा उसके सांख्यिकीय परीक्षण की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने शोध आंकड़ों के विश्लेषण एवं निष्कर्षों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने में सांख्यिकीय विधियों की भूमिका को स्पष्ट किया।

व्याख्यानमाला के द्वितीय दिवस को शासकीय महाविद्यालय खुर्सीपार से आमंत्रित विषय विशेषज्ञ डॉ. शालिनी वर्मा ने शोध में परिकल्पना परीक्षण के महत्व पर व्याख्यान दिया। उन्होंने प्रसामान्य प्रायिकता वक्र, परिकल्पना के विभिन्न प्रकारों एवं उनके महत्व पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्होंने टी-परीक्षण की अवधारणा एवं शोध में उसकी उपयोगिता को स्पष्ट करते हुए विद्यार्थियों को सांख्यिकीय परीक्षणों के व्यावहारिक पक्ष से अवगत कराया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि शोध की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए सांख्यिकीय विधियों का ज्ञान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस प्रकार के विशेषज्ञ व्याख्यान विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ-साथ उन्हें शोध कार्य की व्यावहारिक चुनौतियों को समझने में सहायता प्रदान करते हैं। संचालन डॉ. कीर्ति पांडेय ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. ओमकुमारी वर्मा ने किया।

नेहरू नगर दशहरा मैदान में दशहरा पर्व कल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नेहरू नगर वेलफेयर एंड दशहरा एसोसिएशन द्वारा इस वर्ष अपने 20 वे वर्ष में 20 अक्टूबर को रात्रि 7 बजे कालीबाड़ी के सामने नेहरू नगर दशहरा मैदान में विजयादशमी पर्व का आयोजन किया जा रहा है। वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल शुक्ला एवं महासचिव मनीष सोनी ने बताया कि नेहरू नगर का दशहरा पर्व पूरे छत्तीसगढ़ में एक मात्र ऐसा कार्यक्रम है, जहां कि मुख्य अतिथि कोई राजनेता या प्रशासनिक अधिकारी नहीं बल्कि दर्शकों की भीड़ में उपस्थित सबसे ज्यादा उम्रदराज चार पांच व्यक्तियों को आमंत्रित कर उनसे रावण के पुतले का दहन कराया जाता है।

इस वर्ष 50 फिट ऊंचे रावण एवं 40-40 फीट ऊंचे कुम्भकर्ण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाएगा। दशकों एवं बच्चों के विशेष मनोरंजन कार्यक्रम के लिए रंगबिरंगी आतिशबाजी,आर्केस्ट्रा को सम्मिलित किया गया है।कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से आयोजित करने के लिए आयोजन समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसएन मोदी, कोषाध्यक्ष नरेश डोरा, आलोक मिश्रा, वैभव जैन, बसंत चौबे, शैलेन्द्र ताम्रकार, प्रदीप सूर्यवंशी, उमेश सिंह, योगेश अग्रवाल, बसंत साहू, मनोज गुप्ता, बेनीराम देवांगन, मनु शर्मा, सर्वेश अग्रवाल, कमलेश ताम्रकार सहित अन्य जुटे हुए हैं।

रिसामा में कल मनेगा दशहरा महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले के ग्राम रिसामा में मंगलवार 20 अक्टूबर को दशहरा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय श्रीरामलीला मंडली द्वारा पारंपरिक मंचन किया जाएगा, जिसमें अंगद-रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, कुंभकर्ण वध और रावण वध के सजीव प्रसंग प्रस्तुत किए जाएंगे।

श्रीरामलीला मंडली रिसामा ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से इस आयोजन में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भगवान श्रीराम के आदर्शों और धर्म की विजय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। यह जानकारी राजेंद्र साहू ने दी है।

सर्किट हाउस के पास बेच रहा था नशे का सामान एक किलो गांजे के साथ आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मोहन नगर पुलिस ने सर्किट हाउस के पास से ग्रीन चौक निवासी भूपेन्द्र यादव उम्र 19 वर्ष को करीब 1 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया। गांजे की कीमत करीब 60 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने बताया कि सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा तथा उसके कब्जे से 1.193 किलोग्राम गांजा जप्त किया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि थी सर्किट हाउस के पीछे एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा बिक्री करने के उद्देश्य से ग्राहक तलाश रहा है। सूचना की तस्दीक एवं आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए थाना मोहन नगर पुलिस द्वारा विशेष टीम गठित कर बताए गए स्थान पर घेराबंदी की गई। पुलिस टीम ने संदेही को अभिरक्षा में लेकर तलाशी ली, जिसमें एक सफेद रंग के बोरे से 1.193 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। बरामद मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 60,000 बताई गई है। आरोपी के विरुद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट में अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। बहरहाल मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

काम दिलाने के नाम पर महिला से 99 हजार लेने वाले को भेजा जेल

भिलाई। मोहन नगर पुलिस ने महिला के साथ कथित मारपीट, जान से मारने की धमकी तथा नगद एवं ऑनलाइन माध्यम से 99 हजार रुपए लेने वाले को गिरफ्तार किया। उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। 17 अक्टूबर को कोहका निवासी लता महिलांगे उम्र 37 वर्ष ने मोहन नगर थाने में लिखित आवेदन पेश किया था। प्रार्थिया ने आरोप लगाया कि शुभम सराहुकी ने काम दिलाने के नाम पर उसके साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देकर 80 हजार नगद और 19 हजार ऑनलाइन माध्यम से लिए। पुलिस ने धारा 296, 351(3), 115(2), 308(2) एवं 308(3) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपी ने काम दिलाने के नाम पर उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी तथा नगद एवं ऑनलाइन माध्यम से पैसे लिए। आरोपी सेक्टर-7 निवासी है। आरोपी से 10 हजार रुपए नगद जब्त किया गया है। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है।

पेज 3 के शेष

40 फीट ऊंचे अहंकारी ...

के निर्देश दिए। जिला मुख्यालय का दशहरा उत्सव वर्षों से आसपास के क्षेत्रों में विशेष पहचान रखता है। विजयादशमी के दिन मंडी परिसर में होने वाला रावण दहन शहर के प्रमुख आयोजनों में शामिल है। हर साल बड़ी संख्या में लोग परिवार सहित इस आयोजन को देखने पहुंचते हैं। इस बार भी 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले के दहन और राम-रावण युद्ध के मंचन को लेकर लोगों में उत्साह है। आयोजन की तैयारियों के पूरा होने के साथ ही अब सभी की निगाहें शाम को होने वाले रावण दहन और आसमान में बिखरने वाली आतिशबाजी पर टिकी हैं।

दशहरा आज, 30 फीट ...

नगर में भी दशहरा पर्व पिछले कई दशकों से पारंपरिक उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जाता रहा है। इस वर्ष विशेष आकर्षण के रूप में रात आठ बजे से देश के ख्यातिलब्ध कवियों की उपस्थिति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व सुप्रसिद्ध गायक नितिन दुबे का सुपरस्टार नाईट रखा गया है। दशहरा उत्सव देखने के लिए नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं, इसलिए आयोजन को व्यवस्थित बनाने,स्थानीय प्रशासन ने दर्शकों की सुविधाओं तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सुचारु संचालन पर विशेष ध्यान दिया है।

बोरिया में सरकारी जमीन ...

फीट आगे बढ़ाकर फेंसिंग कर दी गई है। इससे सड़क किनारे की शासकीय जमीन और पेड़ों के निजी घेरे में आने की बात कही जा रही है। शिकायतकर्ताओं ने संबंधित स्थल का सीमांकन कराकर जमीन की वास्तविक सीमा निर्धारित करने की मांग की है।

वीएनआर सीड्स पर नाली की जमीन घेरने का आरोप: ग्राम बोरिया में संचालित वीएनआर सीड्स प्राइवेट लिमिटेड की सीमा को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी ने पहले से लगी पोल और जालीदार फेंसिंग को आगे बढ़ाते हुए सार्वजनिक नाली की जगह पर गड्ढे खोदकर पक्की बाउंड्रीवॉल का निर्माण शुरू किया है। इससे नाली बाधित होने और पानी की निकासी प्रभावित होने की आशंका जताई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि नाली का प्रवाह अवरुद्ध होता है तो आसपास के खेतों तक पानी पहुंचने में परेशानी हो सकती है। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि सीमांकन और प्रशासनिक जांच के बाद ही हो सकेगी।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या ...

जोहित साहू, बद्री साहू, अश्वनी साहू, राजा साहू, डोमन साहू, करन साहू, गजोहन साहू, दुजराम साहू, धनंजय साहू, छोटू साहू, परमेश्वर साहू, विष्णु साहू, ताम्रध्वज साहू, प्रभु साहू, विक्की साहू, राजेश साहू, योगेंद्र साहू और सुनील साहू सहित बड़ी संख्या में दर्शक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

इंसेंटिव स्कीम रिवाइज नहीं होने पर होगा आंदोलन : इंटक

भिलाई। लेबर प्रोडक्टिविटी के अनुरूप इंसेंटिव स्कीम को रिवाइज करने, सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं 25 वर्ष से अधिक आयु के आश्रित बच्चों के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा टाउनशिप एवं शिक्षा सुविधाओं में सुधार की प्रबंधन से मांग की गई। स्टील एम्पलाइज यूनियन इंटक के महासचिव संजय कुमार साहू ने कहा कि बीएसपी में कर्मचारियों की लेबर प्रोडक्टिविटी में पिछले वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2007 में जब इंसेंटिव स्कीम लागू की गई थी, उस समय लेबर प्रोडक्टिविटी लगभग 228 टन हॉट मेटल प्रति व्यक्ति थी, जो वर्तमान में बढ़कर 410 टन हॉट मेटल प्रति व्यक्ति हो गई है। कर्मियों के योगादन के बाद भी वर्ष 2007 में लागू इंसेंटिव स्कीम को वर्तमान उत्पादन क्षमता, उत्पादकता और वित्तीय परिस्थितियों के अनुरूप पर्याप्त रूप से संशोधित नहीं किया गया है।

न्यायालय तहसीलदार बेरला, जिला-बेमेतरा(छ.ग.)
// इंश्तहार //
रा.प्र.क्र. / ...../...../ वर्ष 2025-26
क्रमांक / 1336 / वा.तह./2026
बेरला, दिनांक 16/10/2026
एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि विषयांतर्गत लेख है, कि आवेदक श्री रोहित सुराना आ. दिनेश सुराना, निवासी देवरी तह. बेरला जिला बेमेतरा के नाम पर M/2025/IN000866/CSG/000012/3301/0 0012 DATE 13.03.2026) द्वारा जारी किया गया है एवं संदर्भित पत्र द्वारा नये खसरा नं. 135/2 ग्राम देवरी तहसील बेरला जिला बेमेतरा में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड का रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पंप) खोले जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन (इनवर्ड नं.- 22657) तथा प्राप्त प्रति के साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः जनसामान्य की सुविधा, जनसुरक्षा एवं जनस्वास्थ्य की दृष्टि से तहसील बेरला जिला बेमेतरा स्थित भूमि खसरा नं. नंबर 135/2 ग्राम देवरी में पेट्रोल पम्प स्थापित करने के संबंध में पेट्रोलियम अधिनियम 2002, नियम 144 के तहत जांच कर जांच प्रतिवेदन प्रदाय किये जाने हेतु प्रकरण अनु.अधि.(रा) बेरला जिला बेमेतरा के माध्यम से इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।
ततसंबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेशी दिनांक 30/10/2026 के पूर्व पेश कर सकते है।
आज दिनांक 16/10/2026 को मेरे स्वतः के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा सहित जारी किया गया है।
मुहर
तहसीलदार
बेरला जिला-बेमेतरा



खबर संक्षेप

पेट्रोल पंप के पास टला बड़ा सड़क हादसा लोगों की तत्परता से बची यात्रियों की जान

पाटन। दुर्ग जिले के पाटन विकासखंड अंतर्गत तरीघाट पेट्रोल पंप के पास एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। बाइक सवार को अचानक बचाने के प्रयास में एक अनियंत्रित कार सड़क किनारे खेत में जा गिरी। वाहन में पुरुषों के अलावा महिलाएं और छोटे-छोटे बच्चे, यहां तक कि दुधमुंहे बच्चे भी सवार थे, जिससे यात्रियों की जान सांस में आ गई थी। दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने अदम्य साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। कार के खेत में पलटने से वाहन में फंसे लोगों के लिए दम घुटने का खतरा भी मंडरा रहा था, ऐसे में समय पर मिली मदद जीवनरक्षक साबित हुई। यह घटना वाहन चालकों के लिए एक बड़ा सबक है कि सड़क पर वाहन चलाते समय अत्यधिक सतर्कता और गति पर नियंत्रण रखना बेहद आवश्यक है।

अण्डा में सजा माता का दरबार, गरबा की धूम

अंडा। शैलदेवी महाविद्यालय, अण्डा में नवरात्रि के पावन अवसर पर गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। मां जगदंबा की आराधना और पारंपरिक गरबा धुनों से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक उल्लास में डूब गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न समूहों के माध्यम से शानदार प्रस्तुतियां देकर भारतीय लोक परंपरा और सामूहिक सहभागिता का उत्कृष्ट परिचय दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, सरपंच दिग्विजय सिन्हा, उपसरपंच यशवंत बंजारे, तिलक चंद्राकर और मुकेश अण्डा शामिल हुए। अध्यक्षता महाविद्यालय के चेयरमैन राजन कुमार दुबे ने की। महोत्सव में विभिन्न कक्षाओं के 10 गरबा समूहों ने हिस्सा लिया, जिनमें मां महामाया (एम.एस.सी.) समूह विजेता तथा मां ब्रह्मचारिणी (डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष) समूह उपविजेता रहा। मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की गई।

शहीद डोमेश्वर की प्रतिमा का अनावरण

जामगांव आर। ग्राम पंचायत जामगांव-आर में पूर्व मुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक भूपेश बघेल के मुख्य आतिथ्य में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण तथा भूमिपूजन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान धेरिया धोबी समाज के अहाता निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया, वहीं धीवर समाज भवन और ज्योति कलश कक्ष का लोकार्पण किया गया। इसके अलावा, शहीद डोमेश्वर साहू की प्रतिमा का अनावरण भी प्रमुख रूप से किया गया। इस दौरान 'जय मारादेव मारिया पूरन पचपेड़ी' की जस झांकी का भी आकर्षक प्रदर्शन किया गया, जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। धेरिया धोबी समाज के कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मेंद्र निर्मल ने की, धीवर समाज भवन लोकार्पण के दौरान टेमन सपहा अध्यक्ष रहे, शहीद डोमेश्वर साहू मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में नरेश केला और ज्योति कलश कक्ष लोकार्पण के अवसर पर के.एल. साहू ने अध्यक्षता संभाली।

पर्व

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन कर मांगी सुख-समृद्धि

महाष्टमी पर भक्तिमय रही धर्मनगरी नवागढ़ सिद्धपीठ मां महामाया मंदिर में हवन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



शारदीय नवरात्रि की महाष्टमी पर धर्मनगरी नवागढ़ पूरी तरह भक्तिमय नजर आई। ऐतिहासिक सिद्धपीठ मां महामाया मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो दिनभर जारी रहा। मां महामाया के दर्शन की अभिलाषा लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। मंदिर परिसर में गूंजते जयकारे, घंटियों की मधुर ध्वनि और शंखनाद ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। हर ओर मां महामाया के जयकारे सुनाई देते रहे और पूरा नगर देवी आराधना में लीन नजर आया।

महाष्टमी के पावन अवसर पर मंदिर में परंपरानुसार हवन का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कर मां महामाया से परिवार की सुख-शांति, आरोग्य, खुशहाली और क्षेत्र की समृद्धि की कामना की। हवन के दौरान मंत्रों की गूंज और आहुतियों की सुगंध से मंदिर परिसर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर माथा टेका और अपने परिवार की मंगलकामना के साथ क्षेत्र में सुख, शांति एवं सद्भाव बनाए रखने की प्रार्थना की।

महाष्टमी हवन में नगर के प्रमुख विकास दीवान भी शामिल हुए। उन्होंने परंपरानुसार हवन कुंड में आहुति अर्पित कर मां महामाया से नवागढ़ नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। महाष्टमी हवन में पंडित श्रीकांत शर्मा, रोशन धर दीवान, रामनाथ योगी, जितेन्द्र नाथ योगी, अरुण वैष्णव, श्रीकांत ठाकुर, रवि अग्रवाल, अभिषेक दीवान, तनु दीवान, कुलेश्वर सिंहा, राजेश निषाद, होरीलाल रजक, जुगरू साहू, तिहारी देवांगन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सभी ने मां महामाया के दर्शन-पूजन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की।

नगर के कई क्षेत्रों में धूमधाम से संपन्न हुआ कन्याभोज



देवकर। धर्म और आस्था के अनूठे संगम के बीच नगर में जगह जगह कन्याभोज का आयोजन किया गया। इस पुनीत अवसर पर साक्षात देवी का रूप मानी जाने वाली छोटी-छोटी कन्याओं ने उपस्थित होकर पूरे वातावरण को भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। बाल स्वरूपा इन देवियों की मनमोहक छटा और उनकी किलकारियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया । आयोजकों ने सबसे पहले श्रद्धाभाव से कन्याओं के चरण पखारे और उन्हें आदर के साथ स्वच्छ और सुसज्जित आसन पर बिठाया। इसके पश्चात सभी बाल स्वरूपा देवियों के माथे पर कुमकुम, रोली और अक्षत का तिलक लगाकर उनकी आरती उतारी गई। पूजन के बाद कन्याओं को अत्यंत पवित्रता और शुद्धता के साथ तैयार किया गया भोजन परोसा गया। माता के प्रसाद के रूप में विशेष रूप से हलवा, पूरी, चना, खीर और मिष्ठान का भोग लगाया गया। छोटी-छोटी कन्याओं ने बड़े ही चाव और आनंद के साथ भोजन ग्रहण किया। भोजन के उपरांत सभी कन्याओं को आदरपूर्वक लाल चुनरी ओढ़ाई गई और उन्हें भेंट स्वरूप उपहार एवं दक्षिणा देकर ससम्मान विदा किया गया। वहां उपस्थित आयोजकों ने इन कन्याओं के चरण स्पर्श किए और अपने परिवार तथा नगर की सुख, शांति और समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

धान कटाई की तैयारी में जुटे किसान गांवों में पहुंचने लगे हार्वेस्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



धान कटाई का मौसम नजदीक आते ही जिले के ग्रामीण अंचलों में हार्वेस्टर की आमद शुरू हो गई है। दीपावली के बाद कटाई का काम जोर पकड़ने की संभावना के बीच किसान फसल समेटने की तैयारी में जुट गए हैं। कम समय में अधिक रकबे की कटाई और मजदूरों पर निर्भरता कम करने के लिए आधुनिक कृषि मशीनों को प्राथमिकता दी जा रही है।

हार्वेस्टर संचालकों और किसानों के बीच भी कटाई को लेकर समन्वय शुरू हो गया है। जिले में खेती- किसानी का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। धान की फसल तैयार होने के साथ ही किसानों की नजर अब कटाई पर टिक गई है। पहले जहां धान की कटाई और मड़ाई में अधिक श्रम और समय लगता था, वहीं अब हार्वेस्टर के उपयोग से यह काम कम समय में पूरा करना संभव हो रहा है। यही वजह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग लगातार महत्वपूर्ण होता जा रहा है। हार्वेस्टर से कटाई का सबसे बड़ा फायदा कम समय में बड़े रकबे की फसल समेटना है। इससे किसानों को खेत खाली करने और अगली फसल की तैयारी के लिए समय मिल सकता है। कटाई के व्यस्त सीजन में मजदूरों की उपलब्धता और मौसम की अनिश्चितता के बीच भी मशीनों का उपयोग किसानों के लिए उपयोगी साबित हो सकता है।

दीपावली बाद बढ़ेगी कटाई की रफ्तार

फिलहाल जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में हार्वेस्टर पहुंचने लगे हैं। धान की मुख्य कटाई दीपावली के बाद तेज होने की संभावना है। ऐसे में किसान समय रहते कटाई की व्यवस्था करने में जुटे हैं। हालांकि, कटाई का वास्तविक समय फसल के पकने और मौसम की स्थिति पर निर्भर करेगा। आधुनिक मशीनों की उपलब्धता से इस सीजन में धान कटाई का काम गति पकड़ने की उम्मीद है।

कमल सखी के जरिए घर-घर पहुंचेंगी पीएम मोदी-साय सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं : प्रज्ञा निर्वाणी

रिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- संगठन महामंत्री करमवीर सिंह से प्रज्ञा निर्वाणी ने मुलाकात कर महिला मोर्चा के कार्यक्रमों की दी जानकारी
- संगठन को बूथ और पंचायत स्तर तक मजबूत करने रणनीति



शारदीय नवरात्र के अंतिम दिवस शक्ति आराधना के पर्व के समापन के साथ ही भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने की तैयारी तेज कर दी है,इसी क्रम में भाजपा महिला मोर्चा की बेमेतरा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश संगठन महामंत्री करमवीर सिंह से परिचयात्मक मुलाकात की,इस दौरान उन्होंने उन्हें 'संघ की अनसुनी कहानियां' पुस्तक भेंट की तथा बेमेतरा जिले में महिला मोर्चा की संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी,मुलाकात के दौरान प्रज्ञा निर्वाणी ने बताया कि महिला मोर्चा जिले के सभी 13 मंडलों में बैठकें आयोजित करने के बाद कमल सखी अभियान को जिला, मंडल और पंचायत स्तर तक विस्तार देने की दिशा में काम करेगा,इसके तहत भाजपा की विचारधारा से जुड़ी राष्ट्रवादी युवतियों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, ताकि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचा सकें। उन्होंने कहा कि महिलाओं और युवतियों की भागीदारी बढ़ाकर संगठनात्मक गतिविधियों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना महिला मोर्चा की प्राथमिकता है। प्रज्ञा निर्वाणी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए गए सेवा संकल्प अभियान और आंगन मिलन कार्यक्रम की जानकारी भी दी,इन कार्यक्रमों के माध्यम से महिला मोर्चा ने सेवा, जनसंपर्क और सामाजिक सहभागिता से जुड़े प्रयास किए। संगठनात्मक गतिविधियों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने के साथ ही आम लोगों से संवाद स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देशानुसार प्रदेशभर के जिला अध्यक्षों को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में संगठनात्मक गतिविधियों और कार्यक्रमों की जानकारी साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया था,इसी बैठक के क्रम में बेमेतरा महिला मोर्चा की गतिविधियों और आगामी कार्ययोजना को प्रदेश संगठन के समक्ष रखा गया।

प्रदेश संगठन महामंत्री करमवीर सिंह ने महिला मोर्चा की पदाधिकारियों से संगठनात्मक जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाने तथा भविष्य में और अधिक सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका के लिए तैयार रहने का आह्वान किया,उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने में महिला मोर्चा की भागीदारी और जिम्मेदारी पर जोर दिया।

मावली माता मंदिर को 9.20 लाख की सौगात, ज्योति कक्ष और सीसी रोड बनेगी



बेमेतरा। मां मावली माता मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधाएं बढ़ाने के लिए खाद्य मंत्री एवं नवागढ़ विधायक दयाल दास बघेल ने 9.20 लाख रुपये के निर्माण कार्यों की घोषणा की। ग्राम मुरता स्थित प्रसिद्ध मंदिर परिसर में ज्योति कक्ष निर्माण के लिए 4 लाख और मुख्य मार्ग से मंदिर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5.20 लाख रुपये दिए जाएंगे।

इन कार्यों से मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिलने की उम्मीद है। मंत्री दयाल दास बघेल ग्राम मुरता स्थित मां मावली माता मंदिर पहुंचे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने अपने नाम से स्थापित मनोकामना ज्योति के दर्शन किए और माता का आशीर्वाद लिया। मंत्री बघेल ने कहा कि मां मावली माता के प्रति क्षेत्र के लोगों की गहरी आस्था है। मनोकामना ज्योति की परंपरा श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है और इसे निरंतर जारी रखा जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में ज्योति कक्ष निर्माण और मंदिर तक पहुंच मार्ग पर सीसी रोड बनाने की घोषणा की गई। इस अवसर पर अजय साहू, तुकाराम साहू, जनपद अध्यक्ष खोरबाहरा साहू, ग्राम पंचायत मुरता के सरपंच बुधारू गेंदले, मंदिर के पुजारी पं. सुरेशानंद शास्त्री, मंदिर संचालक सुखदेव साहू, मुरारी साहू, राजकुमार यादव, बल्लू राजपूत, भूखल्ल साहू, कुलेश्वर साहू, विष्णु साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

माता भद्रकाली मंदिर पहुंचे पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष नीलू, प्रदेश की खुशहाली की कामना की



बेमेतरा। केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष नीलू शर्मा सोमवार को प्रसिद्ध सिद्धपीठ माता भद्रकाली मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान उनके साथ जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू सहित भाजपा के पदाधिकारी और समर्थक मौजूद रहे। इस अवसर पर नीलू शर्मा ने कहा, "माता भद्रकाली के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना करने का सौभाग्य मिला। मां भद्रकाली से प्रार्थना है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़े। प्रदेश के सभी नागरिकों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आए तथा किसानों, युवाओं और आमजन का जीवन खुशहाल हो। मां का आशीर्वाद प्रदेशवासियों पर सदैव बना रहे। मंदिर में दर्शन-पूजन के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, कवि रामानंद त्रिपाठी, मंदिर समिति अध्यक्ष छोटू माहेश्वरी, अनिल माहेश्वरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, निशा चौबे, अधिवक्ता प्रभात शर्मा सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी और समर्थक उपस्थित रहे।

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के जिलाध्यक्ष बने राजा लाल बंजारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के संगठन विस्तार के तहत बेमेतरा जिला इकाई के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इसमें राजा लाल बंजारे को निर्विरोध जिला अध्यक्ष चुना गया। वहीं मैना देवी माण्डले को महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष तथा कोमल नामदेव को विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

प्रदेश अध्यक्ष एलएल कोशले एवं प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की गई। घोषित पदाधिकारियों में संदीप खरे को युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष, राजकुमार सोनवानी को शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, चंद्रिका घिड़ोड़े को संघर्ष समिति अध्यक्ष तथा ईश्वरी घृतलहरे को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष बनाया गया। वहीं, सुरक्षा सेवा समिति की जिम्मेदारी अमित टंडन को सौंपी गई। इसी तरह कुंजराम गेंड्रे, सत्यनारायण एवं विजय जोशी को जिला उपाध्यक्ष,ननकी पात्रे को महिला उपाध्यक्ष, देवीचंद डेहरे को जिला सचिव, कमल जांगड़े को सह सचिव, गंगा प्रसाद टंडन को कोषाध्यक्ष, प्रेमदास दोहरे को प्रवक्ता तथा खिलेश्वर घृतलहरे को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इसके अलावा 15 कार्यकारिणी सदस्यों सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों का भी निर्विरोध निर्वाचन हुआ। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सुशीला सोनवानी, प्रदेश सहसचिव दिनेश बंजारे, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अंजलि बरमल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य द्रोपती जोशी एवं शकुंतला डांडे, रायपुर जिला अध्यक्ष रमेश बंजारे सहित अश्वनी बबलू त्रिवेंद्र, भुवन दास जांगड़े तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष एलएल कोशले ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए गांव-गांव में संगठन का विस्तार करने और समाज को मजबूत बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

नवजात शिशु का हड्डी फैक्चर होने पर परिजनों ने लगाया था लापरवाही का आरोप

प्रसव के दौरान शिशु को हुआ बर्थ एस्फिक्सिया, जांच रिपोर्ट गोलमोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला चिकित्सालय दुर्ग में प्रसव के दौरान नवजात शिशु को गंभीर परेशानी होने और उसे एनआईसीयू में भर्ती कराए जाने के मामले में गठित जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। जांच में प्रसूता के प्रसव के दौरान शोल्डर डिस्टोसिया की स्थिति सामने आई, जिसके कारण बच्चे को बाहर निकालने में काफी कठिनाई हुई बताया गया है। समिति ने चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ के बयान तथा उपलब्ध चिकित्सा अभिलेखों के आधार पर निष्कर्ष निकाला कि प्रसव के दौरान स्टाफ ने बच्चे को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए प्रयास किए। नवजात को बर्थ एस्फिक्सिया की स्थिति होने के कारण आगे उपचार की जरूरत पड़ी। जबकि परिजनों ने मौजूदा स्टॉफ की लापरवाही के चलते नवजात के हड्डी में फैक्चर आने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट में स्टाफ को मरीज के साथ कठिन परिस्थिति में भी उचित और सहयोगपूर्ण व्यवहार करने की सलाह का उल्लेख है इसलिए यह रिपोर्ट ही गोल मोल सा हो गया है।

खास बातें

- महिला के प्रसव के दौरान नवजात शिशु को खींचकर बाहर निकलने का मामला
- परिजनों ने नवजात का हड्डी फैक्चर होने पर लगाया था स्टॉफ पर लापरवाही का आरोप
- दो डॉक्टरों की टीम ने जांच रिपोर्ट सीएस को सौंपी



यह था पूरा मामला

जांच प्रतिवेदन के अनुसार, 2 अक्टूबर 2026 की मध्यरात्रि करीब 12.05 बजे 26 वर्षीय प्रसूता भुवनेश्वरी तारक को प्रसव के लिए जिला चिकित्सालय के प्रसूति विभाग में भर्ती कराया गया था। महिला की सोनोग्राफी रिपोर्ट 12 सितंबर 2026 की थी, जिसमें बच्चे का वजन लगभग तीन किलोग्राम बताया गया था। ड्यूटी डॉक्टर ने प्रसूता की जांच के बाद उन्हें भर्ती किया और सामान्य प्रसव की तैयारी की गई। स्टाफ को ट्रायल ऑफ नॉर्मल लेबर के लिए निर्देश दिए गए थे।

प्रसव के दौरान आई जटिलता

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रसूता का लेबर सामान्य था, लेकिन बच्चे का सिर बाहर आने के बाद शोल्डर डिस्टोसिया की स्थिति बन गई। इसमें बच्चे का सिर बाहर आ जाता है, लेकिन कंधा फंसने के कारण शेष शरीर को बाहर निकालना कठिन हो जाता है। ऐसी स्थिति में चिकित्सकीय टीम को विशेष सावधानी और तत्काल सहायता की जरूरत होती है। जांच रिपोर्ट में बताया गया कि डॉक्टर और स्टाफ ने कठिनाई के बीच बच्चे को बाहर निकालने का प्रयास किया। बच्चे को सांस लेने में काफी दिक्कत थी और वह सुस्त था।

